दिन– सोमवार | दिनांक– 11/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने दो मतदाता फोटो पहचान पत्र रखने के मामले में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भेजा नोटिस।

02. आयोग ने कहा – बिहार में बिना नोटिस जारी किये किसी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाया जाएगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना जिले की पांच अलग–अलग सड़क चौड़ीकरण परियोजना और फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार समेत उत्तर बिहार के चौदह जिलों में भारी बारिा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

---

निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को दो मतदाता फोटो पहचान पत्र रखने के मामले में नोटिस दिया है। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी–ईआरओ ने श्री सिन्हा को इस महीने की चौदह तारीख शाम पांच बजे तक विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उनका नाम लखीसराय और पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची में शामिल पाया गया है। इधर, भाजपा नेता श्री सिन्हा ने कहा कि उन्होंने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से अपना नाम हटाने के लिए पहले ही आवेदन दे दिया है। गौरतलब है कि तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में संवाददाता सम्मेलन में विजय कुमार सिन्हा पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने और दो विधानसभा क्षेत्रों में मतदान करने का आरोप लगाया था।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में बिना नोटिस जारी किये किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हल्फनामें में बताया है कि प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं किये गए लोगों के नामों की अलग सूची तैयार करने या उन्हें मतदाता सूची में शामिल नहीं करने के कारणों को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं है। गौरतलब है कि आयोग ने एसआईआर के दौरान

पैंसठ लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिये हैं। इसी संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं दायर कराई गयी हैं, जिसपर कोर्ट सुनवाई कर रहा है।

---

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने बीएलओ के रूप में योगदान नहीं देने वाली तीन शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया है। उन्होंने पटना सदर एसडीओ को इन शिक्षिकाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना जिले की पांच अलग–अलग सड़क चौड़ीकरण योजना और फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। सात सौ छिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की राशि से पूर्ण होने वाली ये योजनाएं पटना के विभिन्न मार्गों से जुड़ी हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन मौजूद रहेंगे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल एक साथ प्रदेश के पंद्रह लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के साथ संवाद करेंगे। वर्चुअल मोड में होने वाले संवाद के लिए तीन हजार जगहों पर संवाद केंद्र बनाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली से लाभान्वित लोगों के साथ मुख्यमंत्री बातचीत करेंगे और उनका फीड बैक लेंगे। यह कार्यक्रम लगभग दो घंटे का होगा। इस संवाद में विभिन्न जगहों से बिजली कंपनी के अधिकारी भी शामिल होंगे।

---

प्रदेश में सोलह अगस्त से बीस सितम्बर तक चलने वाले राजस्व महा–अभियान में बेहतर काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला और प्रखंड स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक में कहा कि इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने जमीन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर सुझाव भी दिए।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में एचआईवी संक्रमितों की पहचान के लिए बारह अगस्त से बारह अक्टूबर तक सघन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान एड्स से बचाव और नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एचआईवी संक्रमितों की पहचान और उनके बेहतर इलाज के लिए प्रतिबद्ध है।

---

राजगीर में संपन्न एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर–ट्वेंटी चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। चैंपियनशिप का महिला वर्ग का खिताब हांगकांग और पुरूष वर्ग का खिताब चीन ने जीता है। भारत में पहली बार आयोजित एशिया रग्बी चैंपियनशिप की बिहार ने सफल मेजबानी की। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चैंपियनशिप में विजेता टीमों को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि इस प्रतियोगिता में बिहार की चार बेटियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

---

मानूसन की सक्रियता से राज्य के अधिकतर भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तरी भागों में अधिकतर स्थानों समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भारी बारिश की आशंका जताई है। विभाग ने आज दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार समेत उत्तर बिहार के चौदह जिलों में कई स्थानों पर भारी का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मधेपुरा, सहरसा, वैशाली, शिवहर और समस्तीपुर समेत प्रदेश के उत्तर–पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की आशंका जताई है।

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली प्रमुख नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। गंगा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, घाघरा और कोसी समेत कई नदियां

विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। भागलपुर जिले के कहलगांव में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया। इधर, खगड़िया में बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खतरे के लाल निशान को पार कर गया है। वहीं, मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है।

---

इधर, विभिन्न नदियों में भारी उफान के कारण पटना, कटिहार खगड़िया, मुंगेर और सुपौल समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। बाढ़ से तेरह जिलों में दस लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। गंगा नदी में उफान से पटना जिले के दियारा इलाके में बाढ़ की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। दानापुर के पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर, मानस और अकीलपुर पंचायत के विभिन्न गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. से जानकारी ली और प्रशासन को प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य तेज करने को कहा।

वैशाली से हमारे संवाददाता ने बताया है कि राघोपुर प्रखंड की बीस पंचायत बाढ़ से प्रभावित हैं। जिला प्रशासन की ओर से नाव का परिचालन किया जा रहा है। प्रभावित इलाकों में पच्चीस जगहों पर सामुदायिक रसोई चलाया जा रहा है।

---

हमारे खगड़िया संवाददाता ने बताया कि जिले के परवत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंड की कई पंचायत बाढ की चपेट में हैं।

———रिपोर्ट———

खगड़िया जिला में गंगा और गंडक में आई उफान से करीब डेढ़ दर्जन पंचायत के लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। निचले इलाकों में लगातार बढ़ रहे पानी से लोग समीप के तटबंधों पर शरण ले रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर अधिकारी लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेते हुए राहत सामग्री का वितरण किए जाने के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। परवत्ता, गोगरी और खगड़िया की कई पंचायत पानी घिरे हैं, जबकि सैकड़ों निचले इलाकों के घरों में पानी प्रवेश कर जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मुख्यालय के बापू मध्य विद्यालय में बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

हमारे मुंगेर संवाददाता ने जानकारी दी है कि बाढ़ के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है और ट्रेनों को धीमी गति से चलाने के निर्देश दिये गए हैं।

———रिपोर्ट———

गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण रेल परिचलन पर खतरा मंडराने लगा है। रेलवे ने गंगा के तेज बहाव वाले इलाकों में ट्रेनों की रफ्तार घटा दी है। घोरघट और बरियारपुर लोहा पुल के अलावा ऋषिकुंड हॉल्ट के पास गंगा का पानी पुल–पुलिया को छूते हुए तेज धारा में बह रहा है। इन जगहों पर ट्रेनों को 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने का निर्देश दिया गया है। वहीं, मालदा  रेल मंडल के डिविजनल इंजीनियर  राजेश कुमार ने बताया की रेलवे ने कौशन लेटर जारी कर ट्रेनों को सावधानी से चलाने को कहा है। पुल–पुलिया पर गंगा के जलस्तर पर नजर रखने के लिए रेलकर्मी 24 घंटे तैनात किए गए हैं। आकशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

बेगूसराय जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पूर्व सांसद राकेश सिन्हा ने तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की और अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी करने का निर्देश दिया।

सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि कोसी के जलस्तर में उतार–चढाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने लोगों से सतकर्ता बरतने की अपील की है।

———रिपोर्ट———

भीमनगर कोसी बराज से कोसी नदी के पानी के डिस्चार्ज में कमी आई है। कल शाम छह बजे तक कोसी बराज से एक लाख छप्पन हजार छह सौ पचहत्तर क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज घटते क्रम में किया गया है। इधर, नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बाराह में भी पानी डिस्चार्ज में कमी आई है। कोसी नदी के जलस्तर में हो रहे उतार चढ़ाव के बीच संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। तटबंधों एवं स्परों की निगरनी के लिए अभियंताओं की टीम के साथ साथ नाइट गार्ड की तैनाती की गई है। रात्रि के समय लाइट की उपलब्धता को जेनरेटर की व्यवस्था भी की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए रविशंकर चौधरी।

---

अररिया के सुभाष स्टेडियम में आज से मशाल खेल प्रतियोगिता– दो हजार पच्चीस का आयोजन किया जायेगा।

---

हाजीपुर से लोजपा आर  सांसद सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सदर थाना से सटे दिग्घी खुर्द  में केंद्रीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

---

रोहतास जिले के नासरीगंज आरटीपीएस कार्यालय में कैट कुमार के नाम से बिल्ली का निवास  प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन का मामला सामने आया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बचे पात्रों को भी लाभ जल्द।

दैनिक जागरण ने चुनाव आयोग के हलफनामे के हवाले से लिखा है – प्रारूप सूची से बिना सूचना और तर्कपूर्ण आदेश के नहीं हटेगा नाम।

दैनिक भास्कर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का शीर्षक लगाया है – हम तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहे हैं।

प्रभात खबर की सुर्खी है – बेतिया के बारह मजदूर अब भी लापता। उम्मीद टूटी तो पुतला बनाकर कर रहे अंतिम संस्कार।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है – दिल्ली विश्वविद्यालय में घट रही हिन्दी पढ़ने वालों की संख्या।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने दो मतदाता फोटो पहचान पत्र रखने के मामले में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को भेजा नोटिस।

02. आयोग ने कहा – बिहार में बिना नोटिस जारी किये किसी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाया जाएगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना जिले की पांच अलग–अलग सड़क चौड़ीकरण परियोजना और फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

04. और, मौसम विभाग ने आज दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार समेत उत्तर बिहार के चौदह जिलों में भारी बारिा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।